<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा ने एसजेवीएन और जीएमआर के साथ नेपाल में 900 मेगावाट जलविद्युत परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

नई दिल्ली, 9 सितंबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नेपाल में 900 मेगावाट अपर करनाली जलविद्युत परियोजना के विकास और कार्यान्वयन के लिए एसजेवीएन लिमिटेड, जीएमआर एनर्जी लिमिटेड और उनकी संबद्ध कंपनियों के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस सहयोग का उद्देश्य अक्षय ऊर्जा बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाना है।

इस एमओयू पर एसजेवीएन के सीएमडी, श्री सुशील शर्मा, इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बी.के. मोहंती, एसजेवीएन के निदेशक (वित्त) ,श्री अखिलेश्वर सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इरेडा के महाप्रबंधक (वित्त तथा लेखा), श्री एस.के. शर्मा, एसजेवीएन के महाप्रबंधक (वित्त तथा लेखा), श्री जितेंद्र यादव और जीएमआर एनर्जी लिमिटेड के सीईओ, श्री एस.एन. बर्डे ने नई दिल्ली में इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि , "इस महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजना में हमारा निवेश अक्षय ऊर्जा पहलों को आगे बढ़ाने के लिए इरेडा की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह सहयोग न केवल नेपाल के जलविद्युत क्षेत्र के विकास को गति देता है, बल्कि क्षेत्रीय ऊर्जा सहयोग को भी मजबूत करता है, जोकि सतत विकास के लिए हमारे साझा लक्ष्य का सपोर्ट करता है।"

यह परियोजना इरेडा के लिए रणनीतिक महत्व रखती है, क्योंकि यह नेपाल की वृहद जलविद्युत क्षमता का दोहन करने के लिए मदद करेगी और साथ ही अक्षय ऊर्जा विकास के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करेगी। इरेडा के निदेशक मंडल ने 16 जुलाई, 2024 को आयोजित अपनी बैठक के दौरान इस परियोजना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।